25012025-DTM-09_Dainik Tribune-9 1/24/2025 11:04 PM Page 1



### आईजीएन कॉलेज के 51वें स्थापना दिवस पर पौधरोपण, मुख्यमंत्री नायब सैनी बोले

# पांच साल में 2 लाख युवाओं को देंगे सरकारी नौकरियां

लाडवा, 24 जनवरी (निस)

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार अगले 5 साल में योग्यता के आधार पर युवाओं को 2 लाख सरकारी नौकरियां देगी। इस सरकार ने पिछले 10 साल में एक लाख 71 हजार युवाओं को सरकारी नौकरियां दी हैं। युवाओं को सरकारी नौकरियां देने के साथ-साथ अपना रोजगार स्थापित करने के लिए विभिन्न योजनाओं को अमलीजामा पहनाने का काम किया है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार को आईजीएन कॉलेज धनौरा लाडवा में आयोजित 51वें वार्षिक उत्सव स्वर्ण जयंती समारोह में बोल रहे थे।

इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, लेफ्टिनेंट जनरल एसके सैनी व आईजीएन कॉलेज शिक्षण संस्थान के प्रधान पवन गर्ग ने कॉलेज की तरफ से आयोजित हवन यज्ञ में आहुति डाली और शिक्षण संस्थान के संस्थापक स्वर्गीय ओम प्रकाश गर्ग की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए।



लाडवा में शुक्रवार को मुख्यमंत्री नायब सैनी कॉलेज के 50 साल के स्वर्ण जयंती सफर पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए। -निस

इसके बाद मुख्यमंत्री ने कॉलेज के प्रागंण में पौधरोपण किया। इस स्वर्ण जयंती समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शिक्षण संस्थान को 21 लाख रुपए अनुदान राशि देने की घोषणा की है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कॉलेज की स्वर्ण जयंती पर स्मारिका का विमोचन किया।

मुख्यमंत्री ने संस्थान के 51 वर्ष पूरे होने पर शिक्षकों, विद्यार्थियों और प्रबंधकों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में युवाओं को शिक्षित करने के लिए वर्ष 1974 में आईजीएन कॉलेज की स्थापना की गई। इस 50 साल के ऐतिहासिक सफर में शिक्षण संस्थान में हजारों विद्यार्थियों को अच्छा नागरिक बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि विकसित हरियाणा के लक्ष्य को पूरा करने के लिए आईजीएन कॉलेज जैसे शिक्षण संस्थान का अहम योगदान रहेगा। इस प्रदेश व देश को प्रगति और ऊंचाइयों के शिखर पर ले जाने के लिए शिक्षण संस्थानों के योगदान को सबसे महत्वपूर्ण माना गया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवाओं को अच्छा नागरिक, अच्छे संस्कार, अच्छी शिक्षा, नैतिक मूल्य और रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू किया। इस शिक्षा पद्धति को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की तरफ से लागू कर दिया गया है। इस शिक्षा नीति से विद्यार्थी एक ही छत के नीचे केजी से लेकर पीजी कक्षाओं तक अपनी शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे, इतना ही नहीं स्कूल से विश्वविद्यालय तक विद्यार्थियों को कुशल बनाने का भी काम किया जाएगा। इस सरकार ने युवाओं को उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिए 79 राजकीय कॉलेज खोलने का काम किया। इसमें से 32 कॉलेज बेटियों के लिए ही बनाए गए है। अब प्रदेश में हर 20 किलोमीटर के दायरे में राजकीय कालेज स्थापित किया जा चुका है। इसके अलावा 13 नए विश्वविद्यालय स्थापित किए गए है। लेफ्टिनेंट जनरल एसके सैनी ने आईजीएन कॉलेज के स्वर्ण जयंती उत्सव की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षण संस्थान ने अच्छे नागरिक तैयार करने का काम किया है। इस कार्यक्रम में कॉलेज के प्रिंसिपल कुशल पाल ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

#### इनकी रही मौजूदगी

कार्यक्रम में भाजपा के जिला अध्यक्ष सुशील राणा, चेयरमैन धर्मवीर मिर्जापुर, नपा चेयरमैन साक्षी खुराना, सैनी समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गुरनाम सिंह सैनी गजलाना, भाजपा प्रदेश सचिव राहुल राणा, भाजपा नेता नायब सिंह पटाक माजरा, डा. गणेश दत्त, गुरनाम सिंह सैनी, शिव गुप्ता, विकास शर्मा, अमरेन्द्र सिंह, मोहित सिंह, प्रवीण गुप्ता, विकास सिंघल आदि उपस्थित थे।

## 'आदिबद्री से अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव का शुभारंभ करेंगे सीएम'

### पिहोवा में होगा सरस एवं सांस्कृतिक मेला

पिहोवा, 24 जनवरी (निस)

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आदिबद्री से अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। हरियाणा सरस्वती हैरीटेज बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने यह जानकारी दी और कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव के तहत पिहोवा में 29 जनवरी से 4 फरवरी तक सरस मेले का आयोजन किया जाएगा। सरस मेले के दौरान नगाड़ा और बीन पार्टी एवं अन्य लोक कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। इसके अतिरिक्त स्कूल, कालेज एवं विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा ी कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। प्रत्येक दिन सांय 6 बजे से 6:30 बजे तक सरस्वती घाट पर आरती होगी। मेला ग्राउंड के मुख्य मंच पर शाम के समय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। 30 जनवरी को हरियाणा कला परिषद द्वारा लोक नृत्य एवं गायन की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके अतिरिक्त 31 जनवरी को एनजैडसीसी द्वारा गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। महोत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। सरस्वती महोत्सव में रंगारंग कार्यक्रमों से दर्शकों मनोरंजन किया जाएगा।

#### सरस्वती युवा संगठन की हुई बैठक

सरस्वती महोत्सव पर विचार करने के लिए सरस्वती युवा संगठन की प्रधान जयपाल कौशिक की अध्यक्षता में बैठक हुई। संगठन के महासचिव योगेश लक्की ने बताया कि दो फरवरी को 23वां विशाल भंडारा लगाया जाएगा। सुबह हवन व सरस्वती पूजन किया जाएगा। कन्या पूजन व साधू पूजन के पश्चात दोपहर को देसी घी का भंडारा लगाया जाएगा। रात्रि को सरस्वती महाआरती होगी, इसके साथ आतिशबाजी के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सरस्वती महापूजन में समाजसेवी प्रदीप सैनी, पालिका प्रधान आशीष चक्रपाणी भी भाग लेंगे।

## बसपा प्रत्याशी रहे हरबिलास की गोली मारकर हत्या

नारायणगढ़, 24 जनवरी (निस)



शहर में एचएलआरडीसी काम्पलेक्स के पास अज्ञात हमलावरों द्वारा की फायरिंग में घायल बसपा प्रत्याशी रहे हरबिलास रज्जुमाजरा की चंडीगढ़ में इलाज के दौरान मौत हो गई। इस हमले में दो और लोग घायल हो गये थे। इससे पहले अज्ञात हमलावरों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की। जिसमें विधानसभा क्षेत्र से बसपा प्रत्याशी रहे हरबिलास रज्जुमाजरा, चुन्नु डांग व विजय दत्त घायल हो गये थे। घायल हालत में उन्हें नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां से तीनों को चंडीगढ़ के सेक्टर 32 के लिए रेफर कर दिया गया। नारायणगढ़ पुलिस मामले की जांच में जुटी है। फायरिंग से क्षेत्र में दहशत का माहौल व्यप्त हो गया। हरबिलास रज्जुमाजरा ने विधानसभा चुनाव में हलका नारायणगढ़ से बसपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा था व बसपा संगठन में वे प्रदेश सचिव के पद पर कार्यरत थे।

## कार की टक्कर से देवरानी की मौत, जेठानी घायल

पानीपत, 24 जनवरी (हप्र)

इसराना के गांव शाहपुर के पास शुक्रवार सुबह तेज रफ्तार कार की टक्कर से एक महिला की मौत हो गई, जबकि उसकी जेठानी घायल हो गई। इसराना थाना पुलिस ने शुक्रवार को जेठानी माला की शिकायत पर कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी गई है।

मृतक देवरानी अंजू के शव का सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया। पुलिस को दी शिकायत में माला ने बताया कि वह गांव शाहपुर की रहने वाली है। वह शुक्रवार को सुबह अपनी देवरानी अंजू के साथ खेत में बने पितृ स्थल की पूजा करके वापस घर लौट रही थी। वे दोनों पैदल ही घर जा रही थी। गांव के पास बुवाना लाखु की तरफ से एक तेज रफ्तार कार आई और उन्हें टक्कर मार दी।

टक्कर मारने के बाद शाहपुर की तरफ फरार हो गया। हादसे में उसकी देवरानी को गंभीर चोटें आई और उसकी मौत हो गई।

### जनता दर्शन कार्यक्रम में विधायक जगमोहन आनंद बोले

## प्राथमिकता के आधार पर होगा करनाल का विकास

करनाल, 24 जनवरी (हप्र)

विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि करनाल में प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य किए जाएंगे और करनाल की जनता से जुड़ी समस्याओं का भी समाधान किया जाएगा। प्रदेश सरकार आमजन की समस्याओं के प्रति बेहद संवेदनशील है। समस्याओं का तय समय में समाधान हो, इसके लिए सरकार ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं। अधिकारियों द्वारा प्रत्येक कार्यदिवस पर समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से आमजन की शिकायतों व समस्याओं का निपटारा किया जा रहा है। विधायक जगमोहन आनंद शुक्रवार को लाइनपार के प्रेम नगर स्थित केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के कैम्प कार्यालय में जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान आमजन से बातचीत कर रहे थे। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और विधायक के समक्ष अपनी समस्याएं रखी, जिन्हें विधायक ने जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया और



करनाल में शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के कैम्प कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनते विधायक जगमोहन आंनद। -हप्र

समस्याओं के तुरंत निपटान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

विधायक ने कहा कि पूर्व के 10 वर्षों में भी हरियाणा सरकार ने जनता की समस्याओं पर गंभीरता से काम किया है। यही कारण है कि जनता ने सरकार को तीसरी बार भी काम करने का मौका दिया है। जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने विधायक के समक्ष अपनी मांगों को रखा और समस्याएं भी बताई।

विधायक ने इन सभी पर गंभीरता से कार्य करते हुए समस्याओं को दूर करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए तथा विकास से संबंधित मांग पत्रों पर आश्वासन देते हुए कहा कि किसी भी क्षेत्र में विकास के कार्य रूकने नहीं दिए जाएंगे, सबका साथ-सबका विकास की नीति को आगे बढ़ाते हुए पूरे शहर का एक समान विकास करवाया जाएगा तथा विकास के कार्यों के लिए धन की भी कोई कमी नहीं रहेगी।

## चुलकाना में हवाई फायरिंग में 2 गिरफ्तार, छोड़ा

समालखा, 24 जनवरी (निस)

चुलकाना गांव में हवाई फायरिंग के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनको बेल पर छोड़ दिया गया। उनकी पहचान राजेंद्र निवासी चुलकाना व बलवान निवासी वधावाराम कॉलोनी हाल देशराज कॉलोनी पानीपत के रूप में हुई। गांव चुलकाना निवासी मदन लाल 2 जनवरी को घर पर था। घर के साथ खाली प्लाट में गांव निवासी राजेंद्र अपने एक साथी के साथ खड़ा था। उन्होंने हवाई फायर किया और वहां से चले गए। शिकायत पर गिरफ्तार दोनों आरोपियों ने पूछताछ में बताया वे दोनों दोस्त है। बलवान के पास लाईसेंसी पिस्तौल है। राजेंद्र के कहने पर बलवान के लाईसेंसी पिस्तौल से एक हवाई फायर कर दिया। दोनों को बेल पर छोड़ा गया।

### गांवों का किया दौरा, कैबिनेट मंत्री श्याम सिंह राणा बोले

## पढ़ाई के साथ खेलों से होता है शारीरिक, मानसिक विकास

रादौर, 24 जनवरी (निस)

कृषि एवं किसान कल्याण, मत्स्य व पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने गांव नागल, दोहली, कलेसरा, दौलतपुर, सीली खुर्द, घिलौर, घिलौर माजरी, खेड़की व बापा समेत कई गांवों का दौरार किया और ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि बच्चों के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेलों का भी महत्व है। खेलों से शारीरिक व मानसिक विकास होता है। सरपंचों के आग्रह पर श्याम सिंह राणा ने गांवों में खेल स्टेडियम बनवाने का आश्वासन दिया।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार में बिना खर्ची-पर्ची के नौकरी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सभी वर्गों को साथ लेकर हरियाणा को



रादौर में शुक्रवार को कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा गांव में लोगों की समस्याएं सुनते हुए। -निस

और आगे ले जाने का काम किया जाएगा। प्रदेश सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए कृतसंकल्प है। हमारी सरकार ने अपने शासनकाल में सभी विधानसभा क्षेत्रों में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करवाए हैं और आगे भी इसी नीति पर चल विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर करवाया जाएगा। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार, हरदीप सैनी, हैप्पी खेड़ी, ऋषि पाल सैनी, धनपत सैनी, सतीश सैनी, ब्लॉक समिति के चेयरमैन विपिन काम्बोज, सुरेन्द्र चिम्मा, सतपाल मास्टर, दोहली के सरपंच रजनीश कुमार, कलेसरा के सरपंच कुलदीप सिंह, सिली खुर्द के सरपंच नरेन्द्र कुमार, घिलौर के सरपंच सतीश कुमार, पंच प्रवेश कुमार, शिव चरण, विजय पाल, रेणु, ओम पाल, ऋषि पाल, सतीश, रघुवीर सिंह, बलदेव व विजय पंडित उपस्थित रहे।


TATA

## टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

**पंजीकृत कार्यालय : 11 वीं मंजिल, टॉवर ए, पैनीनसुला बिजनेस पार्क, गणपतराव कदम मार्ग, लोवर परेल, मुम्बई-400013.**
**शाखा कार्यालय : प्रथम व द्वितीय मंजिल, एससीओ 142, हूडा मार्किट, सेक्टर-13, करनाल, हरियाणा**

### अचल संपत्ति की बिक्री हेतु विक्रय सूचना
### (सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 9 (1) के साथ पठनीय नियम 8(6) के तहत)

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) एवं नियम 9(1) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतीकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु 30 दिवसीय ई-नीलामी सूचना।**

एतद्द्वारा सर्व सामान्य और विशेषकर अधोलिखित कर्जदार और/सह-कर्जदार या उनके कानूनी उत्तराधिकारियों/प्रतिनिधियों (कर्जदारों) को सूचित किया जाता है कि टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लि. (टीसीएचएफएल), को बंधक अधोलिखित अचल संपत्ति जिसका टीसीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जा लिया गया, अधोलिखित कर्जदार और सह-कर्जदार से कुल बकाया राशि की वसूली के लिए 'जो है जहां है' और 'जहां है, जैसा भी है' और 'जो भी है' आधार पर दिनांक **27.02.2025** को बिक्री की जायेगी। आरक्षित मूल्य और धरोहर राशि जमा निम्न वर्णित है। एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि बिक्री के किसी स्थगन/ बाधा के अभाव में उक्त संपत्ति ई-नीलामी के माध्यम से दिनांक **27.02.2025** को अपराह्न 2 बजे बिक्री की जायेगी। संपत्ति खरीद के लिए मुहरबंद ई-नीलामी हेतु ईएमडी राशि का डिमांड ड्राफ्ट टीसीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा दिनांक **25.02.2025** को समय सायं 5 बजे तक शाखा कार्यालय : टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, प्रथम व द्वितीय मंजिल, एससीओ 142, हूडा मार्किट, सेक्टर-13, करनाल, हरियाणा में प्राप्त किए जायेंगे।
प्रत्याभूत संपत्ति/अचल संपत्ति की बिक्री 'जैसी है जहां है शर्त' निम्न अनुसूची में उल्लिखित संक्षेप विवरणों के अनुसार होगी।

| क्रं. नं. | ऋण खाता नं. | ऋणी/ सह-ऋणी/ कानूनी वारिस/ कानूनी प्रतिनिधि/ जमानतदारों के नाम | मांग सूचना के अनुसार राशि | आरक्षित मूल्य | धरोहर राशि जमा | कब्जे की किस्म | 19.12.2024 के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | TCHHL03500 00100060871 | **1. स्व. श्री चतर सिंह पुत्र श्री हरकेश मार्फत उसके कानूनी वारिस**<br>i. श्री हरीश कुमार पुत्र स्व. श्री चतर सिंह- सह-कर्जदार/कानूनी वारिस<br>ii. श्रीमती ओमवती देवी पत्नी स्व. श्री चतर सिंह- सह-कर्जदार/कानूनी वारिस<br>iii. सुश्री राखी पुत्री स्व. श्री चतर सिंह- कानूनी वारिस<br>iv. सुश्री हेमलता पुत्री स्व. श्री चतर सिंह- कानूनी वारिस<br>**2. श्री हरीश कुमार पुत्र स्व. श्री चतर सिंह- सह-कर्जदार/कानूनी वारिस**<br>**3. श्रीमती ओमवती देवी पत्नी स्व. श्री चतर सिंह- सह-कर्जदार/कानूनी वारिस**<br>**4. सुश्री राखी पुत्री स्व. श्री चतर सिंह- कानूनी वारिस**<br>**5. सुश्री हेमलता पुत्री स्व. श्री चतर सिंह- कानूनी वारिस** | रु. 31,35,853/- (केवल इक्तीस लाख पैंतीस हजार आठ सौ तरवन्जा रुपये)<br>09.11.2022 | रु. 35,00,000/- (केवल पैंतीस लाख रुपये) | रु. 3,50,000/- (केवल तीन लाख पचास हजार रुपये) | भौतिक | रु. 43,26,810/- (केवल तरताली लाख छब्बीस हजार आठ सौ दस रुपये) |

**अचल प्रॉपर्टी का विवरण :** प्लाट नं. 56 पर निर्मित इमारत की तृतीय मंजिल (फ्रन्ट हिस्सा) रिहायशी, के सभी हिस्से, माप कवर्ड एरिया 485 वर्ग फुट, रूफ अधिकारों रहित, फ्रन्ट बालकोनी के अधिकारों सहित तथा इमारत के सामान्य सीढ़ियों एवं सामान्य रास्ते के प्रयोग एवं उपयोग करने के संयुक्त अधिकारों सहित, प्लाट नं. 56 पर निर्मित इमारत के नीचे जमीन में गैर-आवंटित अनुपातक हिस्से सहित, माप 245.67 वर्ग गज, सूर्य नगर फेज-1, रिहायशी स्कीम, सेक्टर-91 तहसील व जिला फरीदाबाद (हरियाणा) में स्थित, सभी सामान्य सुविधाओं के साथ, सेल डीड अधीन।
**सीमा है-** प्लाट नं. 56, **पूर्व-** प्राइवेट जमीन, **पश्चिम-** 30 फुट चौड़ी सड़क, **उत्तर-** प्राइवेट जमीन, **दक्षिण-** प्लाट नं. 55.

नीलामी में, सर्वसामान्य जनता को व्यक्तिगत रूप से अपनी बोली (ओं) प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। इस बिक्री में संलग्न कोई भी अधिकारी या व्यक्ति प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से न तो बोली कर सकता है और न ही उक्त बेची गई संपत्ति में कोई हित अधिगृहीत कर सकता है या ऐसा करने का प्रयास नहीं कर सकता है। बिक्री बताई गई शर्तों के अनुसार प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 में निम्नलिखित निर्धारित शर्तों के तहत होगी।
ई-नीलामी पोर्टल **http://bankauctions.in/** के माध्यम से दिनांक **27.02.2025** को अपराह्न 2.00 बजे से दोपहर 3.00 बजे के बीच प्रत्येक 5 मिनट अवधि के असीमित विस्तार के साथ होगी।

### नियम और शर्तें :

(1) अनुसूची में दिया विवरण अधोहस्ताक्षरी के पूर्ण ज्ञान व जानकारी में दिया गया है, किंतु इस उद्घोषणा संबंधी किसी त्रुटि, गलती या चूक के लिए अधोहस्ताक्षरी जवाबदेह नहीं होगा। बोली राशि या निविदाकार संबंधी किसी विवाद की स्थिति में अचल संपत्ति को दोबारा नीलामी के लिए रखा जायेगा। (2) संपत्ति आरक्षित मूल्य से कम पर नहीं बेची जायेगी। (3) बोली वृद्धि राशिः **रु. 10,000/- (दस हजार मात्र)**। (4) संपत्ति की खरीद के लिए सभी निविदाएं 'टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड' के पक्ष में और उपरोक्त शाखाओं में देय डिमांड ड्राफ्ट के साथ जमा की जाएं। असफल निविदाकारों के डिमांड ड्राफ्ट वापस कर दिए जायेंगे। आरटीजीएस/ एनईएफटी / आईएमपीएस के माध्यम से ईएमडी के भुगतान के लिए प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें। (5) उच्चतम बोलीकार को संबंधित लॉट का खरीदार घोषित किया जायेगा, बशर्ते वह विधिक रूप से बोली लगाने के लिए योग्य हो और उसकी बोली राशि आरक्षित मूल्य से कम न हो। 'प्राधिकृत अधिकारी' को अपने विवेक से उच्चतम बोली को अस्वीकार करने का अधिकार होगा जब उसे लगे कि पेशकश मूल्य स्पष्ट रूप से अपर्याप्त है। (6) उपलब्ध कारणों से 'प्राधिकृत अधिकारी' को अपने विवेक से बिक्री को स्थगित / रोकने का अधिकार होगा। (7) संपत्ति का निरीक्षण दिनांक **18.02.2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे** तक किया जा सकेगा। (8) खरीददार घोषित व्यक्ति को ऐसी घोषणा के तुरंत बाद क्रय राशि की पच्चीस प्रतिशत राशि, जिसमें ईएमडी राशि शामिल होगी, प्राधिकृत अधिकारी के पास 24 घंटे के अंदर जमा करनी होगी, यह राशि जमा न किए जाने की स्थिति में संपत्ति नई नीलामी/निजी संधि द्वारा बिक्री के लिए रखी जायेगी। (9) उपरोक्त अनुसार प्रारंभिक राशि जमा कर दिए जाने पर क्रय राशि की शेष राशि संपत्ति की बिक्री की पुष्टि होने की तारीख से 15 दिनों तक खरीदार द्वारा प्राधिकृत अधिकारी को जमा करनी होगी, यदि 15वें दिन कोई रविवार या अन्य अवकाश होता है तो 15वें दिन के बाद प्रथम कार्य दिवस को जमा करनी होगी। (10) उपरोक्तानुसार भुगतान न होने पर संपत्ति नई नीलामी / निजी संधि द्वारा बिक्री के लिए रखी जायेगी। सभी जमा राशि टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के पास जब्त हो जायेगी और चूककर्ता खरीदार संपत्ति पर अपने सभी दावे खो देगा। (11) टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लि. को ज्ञात ऋणभारों, जिनके लिए संपत्ति देनदार है, का विवरण- कोई नहीं। उपरोक्त अनुसूची के विवरण अनुसार इच्छुक बोलीदाता को सलाह दी जाती है कि वहां के संपत्ति कर, बिजली आदि की सांविधिक देनदारियों क्षेत्रों सहित संपत्ति पर ऋण भार के बारे में स्वयं जांच करें। (12) अन्य किसी विवरण अथवा संभावी निविदाकार को ई-नीलामी पर प्रक्रिया आनलाइन प्रशिक्षण के लिए हमारे ई-नीलामी सेवा प्रदाता **M/s. 4 Closure, Block No. 605 A, 6th Floor, Maitrivanam Commercial Complex, Ameerpet, Hyderabad - 500038 Email : info@bankauctions.in** अथवा मनीष बंसल, ई-मेल आईडी : **Manish.Bansal@tatacapital.com, प्राधिकृत अधिकारी, मोबाइल नं. 8588983696** को संपर्क कर सकते हैं। कृपया अपने प्रश्न व्हाट्सएप नंबर 9999078669 पर भेजें। (13) उच्चतम घोषित बोली राशि पर उच्चतम बोलीदाता द्वारा 1% का टीडीएस लागू और देय होगा। भुगतान उच्चतम बोलीदाता द्वारा मालिक / उधारकर्ता (ओं) के पैन में जमा करना आवश्यक है और चालान की प्रति हमारी कंपनी को प्रस्तुत की जाएगी। (14) उपरोक्त विवरणों के लिए कृपया प्रदान की गई प्रत्याभूत ऋणदाता की वेबसाइट **http://surl.li/ebaghe** का संदर्भ लें। (15) कृपया लिंक **https://www.tatacapital.com/property-disposal.html** पर भी जाएं।
कृपया ध्यान दें : टीसीएचएफएल ने इस संपत्ति की बिक्री / नीलामी के लिए उल्लिखित नीलामी भागीदार के अलावा किसी दलाल / एजेंट को नहीं लगाया है। इच्छुक पक्षों को इस मामले में सभी प्रश्नों और जांच के लिए केवल अधोहस्ताक्षरी या अधिकृत कार्यालय से संपर्क करना चाहिए।

**स्थान : हरियाणा**
**दिनांक : 25.01.2025**

**हस्ता./- (प्राधिकृत अधिकारी)**
**टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमि.।**



